(d) whether it is a fact that a number of persons could not get functional promotion even after 25 years of service;

(e) if so, what are the details thereof and the reasons therefor; and

(f) by when Government propose to give promotion to the persons referred to in parts (c) to (d) above?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) to (f) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

Non Working of Telephones in Exchange Numbers 45 and 49 in Calcutta

2642. PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large number of telephone subscribers, connected with "45" and "49" exchange of Calcutta Telephones, have been complaining about non-working of their telephones, for periods varying from three to six months;

(b) whether subscribers, including defence offices, have not been getting proper services from the concerned exchanges;

(c) whether some Members of Parliament have also represented in this regard;

(d) if so, the details thereof; and

(e) what efforts are being made to change the system of servicing of telephones and to ensure proper service to the subscribers?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) to (e) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं

2643. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में ऐसी ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत कितना है जिसे विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और अन्य सरकारी अस्पतालों के जरिए प्राथमिक-उपचार सुविधा प्रदान की गई है ;

(ख) देश के संबंध में इसका आनुपातिक प्रतिशत कितना है ; और

(ग) शेष जनसंख्या को यह सुविधा कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) से (ग) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के आधारभूत ढांचे के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार मध्य प्रदेश सहित पूरे देश में प्रति 5,000 की आबादी वाले ग्रामीण-क्षेत्रों में एक उपकेन्द्र (आदिवासी व पर्वतीय इलाकों में 3,000) प्रति 30,000 ग्रामीण जनसंख्या के लिए एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आदिवासी/पर्वतीय इलाकों में 20,000) तथा लगभग प्रति 1,00,000 ग्रामीण जनसंख्या के लिए मैडिसिन, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्रीरोग तथा बालरोग विज्ञान की मूलभूत विशेज्ञताओं से युक्त एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रदान करने का प्रस्ताव है । उपकेन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना के शत-प्रतिशत तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना के 50 प्रतिशत मानदंड 31-3-90 तक प्राप्त कर लिए जाएंगे ।

इस समय देश में प्रति 4086 की जनसंख्या के लिए एक उपकेन्द्र, 30959 की जनसंख्या के लिए एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 3.56 लाख जनसंख्या

के लिए एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है। मध्य प्रदेश में यह अनुपात 4725 व्यक्तियों के लिए एक उपकेन्द्र, 41272 व्यक्तियों के लिए एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और 3,19,000 व्यक्तियों के लिए एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में है।

मध्य प्रदेश में "एड्स" का पता लगाने की सुविधाएं

2644. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में शहरों के नाम सहित उन अस्पतालों के नाम क्या हैं, जिनमें "एडस" का पता लगाने की सुविधाएं उपलब्ध हैं ; और

(ख) क्या विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों की, इस रोग की दृष्टि से, यदाकदा जांच की जाती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) मध्य प्रदेश के उन अस्पतालों के नाम, जहां एड्स परीक्षण की सुविधाएं उलब्ध हैं, इस प्रकार हैं :—

1. गान्धी मेडिकल कालेज, भोपाल।

2. क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र, मेडिकल कालेज, जबलपुर।

3. चोयतराम अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र, इन्दौर।

(ख) जी हां, विदेशी छात्रों को भारतीय शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश लेने से पहले स्वास्थ्य जांच के एक भाग के रूप में एच०आई०वी० प्रतिपिण्डों के लिए अपनी जांच करानी होती है।

मध्य प्रदेश में बस्तर में मलेरिया

2645. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मध्य प्रदेश के एक आदिवासी जिले बस्तर में कुछ खास किस्म के मलेरिये का प्रकोप बढ़ रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही कर रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रफीक आलम) : (क) और (ख) मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में किसी प्रकार का असाधारण मलेरिया नहीं फैला हुआ है। बस्तर जिले से मलेरिया और पी० फाल्सीपेरम के रोगियों की सूचना मिल रही है। 1987 की तुलना में 1988 के दौरान मलेरिया और पी० फाल्सीपेरम के रोगियों की कमी हुई है जो इस प्रकार है :—

वर्ष	मलेरिया	पी० फाल्सीपेरम के रोगी
1987	38766	32625
1988	36773	29826

मध्य प्रदेश सहित देश में मलेरिया को फैलने से रोकने के लिए निम्नलिखित उपाय किये जा रहे हैं :—

—जिन क्षेत्रों में वार्षिक परजीवी घटना की दर 2 और इससे अधिक है वहां मलेरिया के संचरण पर काबू पाने के लिए अवशिष्ट कीटनाशी छिड़काव किय